चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक भास्कर........

दिनांक ..8.7.2019.. पृष्ठ सं. ....1.... कॉलम ....1-8....

# एचएयू में पीएचडी सहित 7 कोर्सेस में दाखिले के लिए 11 सेंटरों में हुई परीक्षा

हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए रविवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की। एचएयू प्रशासन ने शहर के विभिन्न स्कूल, कॉलेजों में 11 परीक्षा केंद्र बनाए थे, जिन पर 5651 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा सुबह 10.30 से 12.30 बजे तक हुई। हजारों की संख्या में परीक्षार्थी शहर में पहुंचे। मगर प्रशासन ने ट्रैफिक कंट्रोल को लेकर पूरे इंतजाम नहीं किए। इसके कारण परीक्षा शुरू होने व समाप्त होने पर परीक्षा केंद्रों के बाहर ट्रैफिक जाम लगा रहा। राजगढ़ रोड स्थित ठाकुर दास भार्गव सीनियर सेकंडरी के बाहर अन्य परीक्षा केंद्रों की बजाय अधिक जाम लगा। इसके चलते आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# 5651 परीक्षार्थी शहर में पहुंचे, ट्रैफिक के इंतजाम दिखे अधूरे

## राजगढ़ रोड सहित कई संस्थानों के पास सुबह-दोपहर लगा जाम

**सेंटर के बाहर भीड़**



एचएयू के पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। ठाकुरदास भार्गव सीसे स्कूल के सामने एग्जाम के बाद परीक्षार्थियों की भीड़।

**सड़क पर कतारें**



प्रवेश परीक्षा समाप्त होने के बाद राजगढ़ रोड पर सड़क के दोनों तरफ जाम लग गया।

### इन कोर्सेस के लिए आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा

▪ बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर छह वर्षीय (2+4) डिग्री कोर्स की कुल 50 सीटें। ▪ बीएससी (ऑनर्स) कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 80 सीटें। ▪ पीएचडी की 80 सीटें, एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की 9 सीटें। ▪ एमएससी बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज पाठ्यक्रमों की कुल 47 सीटें। ▪ एमएससी फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी की 3 सीटें। ▪ एमएससी फिशरीज साइंस की 6 सीटें।

### जानें. किस कोर्स में कितने स्टूडेंट्स ने दिया एग्जाम

रविवार को आयोजित प्रवेश परीक्षा में बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर छह वर्षीय (2+4) डिग्री कोर्स एवं बीएससी (ऑनर्स) कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए 4524, पीएचडी पाठ्यक्रमों के लिए 600, एमएससी बेसिक साइंस एण्ड ह्यूमैनिटीज, एमएससी फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, एमएससी फिशरीज साइंस व एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के लिए 527 उम्मीदवार शामिल हुए। संबंधित खबर पेज- 4 पर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......पंजाब केसरी......
दिनांक 8.7.2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...5-8...

# हकृवि में विभिन्न कोर्सों के लिए 11 परीक्षा केन्द्रों पर हुई प्रवेश परीक्षा

हिसार, 7 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु रविवार को आयोजित की गई राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा 11 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई। कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। उनके साथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. बी.आर. कंबोज, ओ.एस.डी. डा. एम.के. गर्ग एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

**इन कोर्सों के लिए हुई थी प्रवेश परीक्षा**

यह परीक्षा विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों में बी.एससी. (आनर्स) एग्रीकल्चर 6 वर्षीय (2+4) डिग्री कोर्स की कुल 50 सीटों, बी.एससी. (आनर्स) कम्यूनिटी साइंस 4 वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 80 सीटों, पीएच.डी. की 80 सीटों, एम.टैक. एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की 9 सीटों, एम.एससी. बेसिक साइंस एंड हुमैनिटीज़ पाठ्यक्रमों की कुल 47 सीटों, एम.एससी. फूड साइंस एंड टैक्नोलोजी की 3 सीटों और एम.एससी. फिशरीज साइंस की 6 सीटों के लिए आयोजित की गई थी।


परीक्षा केन्द्रों का दौरा करते कुलपति प्रो. के.पी. सिंह व अन्य अधिकारी।

**ये परीक्षार्थी हुए शामिल**

प्रवेश परीक्षा में बी.एससी. (आनर्स) एग्रीकल्चर 6 वर्षीय (2+4) डिग्री कोर्स एवं बी.एससी. (आनर्ज) कम्यूनिटी साइंस चार वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए 4524, पीएच.डी पाठ्यक्रमों के लिए 600, एम.एससी. बेसिक साइंस एंड हुमैनिटीज, एम.एससी. फूड साइंस एंड टैक्नोलॉजी, एम.एससी. फिशरीज साइंस तथा एम.टैक. एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के लिए 527 उम्मीदवार शामिल हुए।

**परीक्षार्थियों के लिए लगाए गए थे साइन बोर्ड**

परीक्षा नियंत्रक डा. एस.के. पाहूजा ने बताया कि विश्वविद्यालय में जगह-जगह लगाए गए नए साइन बोर्ड्स के कारण प्रवेशार्थियों को सैंटर तक पहुंचने में कोई असुविधा नहीं हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी की गई है और उसके अंगूठे के निशान लिए गए हैं।

इनका काउंसिलिग के समय उम्मीदवार के साथ मिलान किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........ अमर उजाला ........
दिनांक 8.7.2019 पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ...1-8...

# एचएयू में 275 सीटों के लिए 5651 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

## विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी कैंपस सहित बाहर के स्कूलों में भी बनाए गए थे केंद्र

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (एचएयू) में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए रविवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान 275 सीटों के लिए 5651 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। हालांकि इन पाठ्यक्रमों के लिए कुल 6847 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी कैंपस और कैंपस के बाहर 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

जानकारी के अनुसार परीक्षा सुबह 10 बजे शुरू हुई। हालांकि परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों की एंट्री 9:30 बजे तक हुई। परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी की गई। साथ ही उनके अंगूठे के निशान लिए गए। काउंसिलिंग के समय इनका उम्मीदवार के साथ मिलान किया जाएगा। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। उनके साथ यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. बीआर कंबोज, ओएसडी डॉ. एमके गर्ग एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी की तरफ विस्तृत प्रबंध किए गए थे, जिस वजह से परीक्षा पूर्णतया शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई।

**पानी के लिए भटकते रहे अभिभावक**

: ज्यादातर परीक्षार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी आए हुए थे। कैंपस के अंदर बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर यूनिवर्सिटी प्रशासन की तरफ से पीने के पानी का इंतजाम किया हुआ था। वहीं जो परीक्षा केंद्र यूनिवर्सिटी कैंपस से बाहर के स्कूलों में बनाए गए थे, वहां पानी का कोई इंतजाम नहीं था। इस वजह से अभिभावक पानी के लिए भटकते रहे। रविवार होने के कारण लगभग दुकानें भी बंद थी, जिस कारण से वह खरीदकर पानी नहीं पी सके।

### ये रही परीक्षार्थियों की स्थिति

बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर छह वर्षीय डिग्री कोर्स की 50 सीटों, बीएससी ऑनर्स कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय डिग्री कोर्स की 80 सीटों के लिए 5281 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जबकि 4524 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं पीएचडी की 80 सीटों के लिए 818 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जबकि 600 ही परीक्षा में पहुंचे। इसके अलावा एमटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग की 9 सीटों, एमएससी बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज पाठ्यक्रमों की 47 सीटों, एमएससी फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी की तीन और एमएससी फिजरीज साइंस की छह सीटों के लिए 748 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 527 विद्यार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए।



एचएयू में प्रवेश परीक्षा देकर लौटते परीक्षार्थी। - अमर उजाला

### विद्यार्थी बोले- साइंस व सामान्य ज्ञान का पार्ट आसान था



पेपर काफी आसान था। समय से पहले ही पेपर कंप्लीट हो गया था। जिस हिसाब से पेपर था, उस हिसाब से यही लग रहा है कि कट ऑफ हाई जाएगी। -कोमल, डोगरान मोहल्ला, हिसार



पेपर शुरू होने से पहले मैं काफी नर्वस थी। मगर जैसे ही हाथ में पेपर आया तो उसे देखा तो दिल को कुछ तसल्ली हुई। पेपर अच्छा हुआ है। -शीतल, हिसार



जिस हिसाब से तैयारी की थी, उसके मुकाबले पेपर ईजी था। सब कुछ पाठ्यक्रम में ही था। निर्धारित समय से पहले ही पेपर पूरा कर लिया था। - कोमल, कृषि नगर, हिसार



पेपर ठीक हुआ। साइंस व सामान्य ज्ञान का पार्ट आसान था। अब तो देखना यह है कि रिजल्ट का क्या आता है। वैसे उम्मीद है कि एडमिशन हो जाएगा। -पूनम, आजाद नगर, हिसार



एचएयू की प्रवेश परीक्षा का पेपर अच्छा हुआ। अब तो बस रिजल्ट का इंतजार है। उम्मीद है कि ऐसा में कट ऑफ हाई जाएगी। अब मैं आगे की पढ़ाई की तैयारी में जुटूंगी। - रवीना, आजाद नगर, हिसार

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....
दिनांक ..8.7.2019.. पृष्ठ सं. ....14.... कॉलम ....2-5....

# बीएससी, एमएससी और पीएचडी में दाखिले को एचएयू में 5651 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय बीएससी एग्रीकल्चर के छह वर्षीय कोर्स सहित विभिन्न कोर्सों के लिए रविवार को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।

बीएससी आनर्स एग्रीकल्चर (छह वर्षीय) डिग्री कोर्स एवं बीएससी (आनर्स) कम्यूनिटी सांइस चार वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए सबसे अधिक 4524 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इन दोनों कोर्सों के लिए 5281 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। वहीं, पीएचडी के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए 818 विद्यार्थियों ने आवेदन किए हुए थे, जिनमें से 600 विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे। इसके अलावा एमएससी बेसिक साइंस एंड हुम्यूनिटीज, एमएससी फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, एमएससी फिशरीज साइंस और एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के लिए आवेदन करने वाले 748 उम्मीदवारों में से 527 उम्मीदवार ही प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए।

विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रदेशभर से विद्यार्थी यह परीक्षा देने पहुंचे थे। विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए थे। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। उनके साथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. बीआर कंबोज, ओएसडी डा. एमके गर्ग एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। वहीं, बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा पहले ही आयोजित की जा चुकी है।



हिसार। एचएयू में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा देकर बाहर आते विद्यार्थी। • जागरण

### इन कोर्सों और सीटों के लिए हुई प्रवेश परीक्षा

| कोर्स | सीटें |
|---|---|
| बीएससी एग्रीकल्चर (छह वर्षीय) | 50 |
| बीएससी ऑनर्स कम्यूनिटी साइंस | 80 |
| पीएचडी | 80 |
| एमटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग | 09 |
| एमएससी बेसिक साइंस एंड ह्यूमेनिटीज | 47 |
| एमएससी फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी | 03 |
| एमएससी फिशरिज साइंस | 06 |

### 11 केंद्रों पर हुई परीक्षा, अभिभावकों के बैठने का भी किया इंतजाम

परीक्षा नियंत्रक डा. एसके पाहूजा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से विस्तृत प्रबन्ध किए गए थे, जिनके चलते यह परीक्षा सभी 11 परीक्षा केन्द्रों पर पूर्णतया शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए इस प्रकार से व्यवस्था की गई थी ताकि प्रवेशार्थियों एवं उनके अभिभावकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रत्येक सेंटर पर पीने के पानी तथा अभिभावकों के बैठने का भी इंतजाम किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी की गई और उसके अंगूठे के निशान लिए गए हैं। इनका काउंसलिंग के समय उम्मीदवार के साथ मिलान किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......
दिनांक 8.7.2019 पृष्ठ सं. ...4... कॉलम ...7-8...

# एचएयू में दाखिले के लिए 6847 स्टूडेंट्स ने किया आवेदन, सेंटरों के लगाए थे साइन बोर्ड



कुलपति प्रो. केपी सिंह परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते हुए।

भास्कर न्यूज़ | हिसार

एचएयू में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कुल 6847 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। इनमें बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर छह वर्षीय (2+4) डिग्री कोर्स एवं बीएससी (ऑनर्स) कम्यूनिटी साइंस चार वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए 5281, पीएचडी पाठ्यक्रमों के लिए 818, एमएससी बेसिक साइंस एण्ड हुमैनिटीज, एमएससी फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, एमएस-सी फिशरीज साइंस तथा एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के लिए 748 उम्मीदवार शामिल हैं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए विवि ने प्रबंध किए गए थे। सभी 11 परीक्षा केंद्रों पर पूर्णतया शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए इस प्रकार से व्यवस्था की गई थी, ताकि प्रवेशार्थियों एवं उनके अभिभावकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रत्येक सेंटर पर पीने के पानी तथा अभिभावकों के बैठने का इंतजाम किया गया था। विश्वविद्यालय में जगह-जगह लगाए गए नए साइन बोर्ड्स के कारण प्रवेशार्थियों को सेंटर तक पहुंचने में कोई असुविधा नहीं हुई। परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी की गई है और उसके अंगूठे के निशान लिए गए हैं। इनका काउंसलिंग के समय उम्मीदवार के साथ मिलान किया जाएगा। परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स ने कहा कि परीक्षा आसान रही। परीक्षा के दौरान एचएयू प्रशासन ने सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध किए थे। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने भी परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। उनके साथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. बीआर कंबोज, ओएसडी डॉ. एमके गर्ग एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....हरि भूमि....
दिनांक ..8.7.2019.. पृष्ठ सं. ..14.. कॉलम ..4-8..

## हकृवि में विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

# बीएससी की 130 सीटों पर 4524 ने दी परीक्षा

- राज्यस्तरीय प्रवेश परीक्षा को लेकर विवि ने किए थे पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार



हिसार। परीक्षा केन्द्रों का दौरा करते कुलपति प्रो. केपी सिंह व अन्य अधिकारी।

हकृवि द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु आज आयोजित की गई राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई। विवि प्रशासन ने इसके लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए थे। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया।

उनके साथ रजिस्ट्रार डॉ. बीआर कंबोज, ओएसडी डॉ. एमके गर्ग एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। यह परीक्षा विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों में बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 50 सीटों, बीएससी कम्यूनिटी सांइस चार वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 80 सीटों, पीएचडी की 80 सीटों, एमटैक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की 9 सीटों, एमएससी बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज पाठ्यक्रमों की कुल 47 सीटों, एमएससी फूड साइंस एंड टैकनोलोजी की 3 सीटों और एमएससी फिशरीज साइंस की 6 सीटों के लिए आयोजित की गई थी। प्रवेश परीक्षा में बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय डिग्री कोर्स एवं बीएससी कम्यूनिटी सांइस चार वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए 4524 ने परीक्षा दी। पीएचडी पाठ्यक्रमों के लिए 600, एमएससी बेसिक साइंस एंड हुमैनिटीज, एमएससी फूड साइंस एंड टैकनोलोजी, एमएससी फिशरीज साइंस तथा एमटैक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के लिए 527 उम्मीदवार शामिल हुए।

इन पाठ्यक्रमों के लिए कुल 6847 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। जिनमें बीएएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय डिग्री कोर्स एवं बीएससी कम्यूनिटी सांइस चार वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए 5281 ने आवेदन किया था। पीएचडी पाठ्यक्रमों के लिए 818, एमएससी बेसिक साइंस एण्ड हुमैनिटीज, एमएससी फूड साइंस एंड टैक्नोलॉजी, एमएससी फिशरीज साइंस तथा एमटैक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के लिए 748 उम्मीदवार शामिल हैं।

### प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी करवाई

परीक्षा नियंत्रक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से विस्तृत प्रबंध किए गए थे जिनके चलते यह परीक्षा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पूर्णतया शांतिपूर्वक ढंग से संपन हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी की गई है और उसके अंगूठे के निशान लिए गए हैं। इनका काउंसलिंग के समय उम्मीदवार के साथ मिलान किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....नभ छोर....

दिनांक ..7.7.2019.. पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...5-8...

# हकृवि प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

हिसार/07 जुलाई/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु आज आयोजित की गई राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। यह परीक्षा विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों में बीएससी (आनर्ज) एग्रीकल्चर छः वर्षीय (2+4) डिग्री कोर्स की कुल 50 सीटों, बीएससी (आनर्ज) कम्यूनिटी सांइस चार वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 80 सीटों, पीएचडी की 80 सीटों, एमटैक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की 9 सीटों, एमएससी बेसिक साइंस एण्ड हुमैनिटीज पाठ्यक्रमों की कुल 47 सीटों, एमएससी फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी की 3 सीटों और एमएससी फिशरीज साइंस की 6 सीटों के लिए आयोजित की गई थी। आज आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा में बीएससी (आनर्ज) एग्रीकल्चर छः वर्षीय (2+4) डिग्री कोर्स एवं बीएससी (आनर्ज) कम्यूनिटी सांइस चार वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए 4524, पींएचडी पाठ्यक्रमों के लिए 600, एमएससी बेसिक साइंस एण्ड हुमैनिटीज, एमएससी फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, एमएससी फिशरीज साइंस तथा एमटैक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के लिए 527 उम्मीदवार शामिल हुए। परीक्षा नियंत्रक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि यह परीक्षा सभी 11 परीक्षा केन्द्रों पर



पूर्णतया शांतिपूर्वक ढंग से संपंन हुई। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में जगह-जगह लगाए गए नए साइन बोर्डस के कारण प्रवेशार्थियों को सेंटर तक पहुंचने में कोई असुविधा नहीं हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी की गई है और उसके अंगूठे के निशान लिए गए हैं। इनका काउंसिलिंग के समय उम्मीदवार के साथ मिलान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुलपति प्रो. केपी सिंह ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। उनके साथ रजिस्ट्रार डॉ. बीआर कंबोज, ओएसडी डॉ. एमके गर्ग आदि मौजूद थे।


चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......पायनियर......

दिनांक 7.7.2019 पृष्ठ सं. ...4... कॉलम ...6-8...

# शांतिपूर्वक ढंग से हुई एचएयू प्रवेश परीक्षा



हिसार, 7 जुलाई (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु आज आयोजित की गई राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा व्यवस्थित रूप से संपंन हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए थे। कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। उनके साथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. बी.आर.कंबोज, ओएसडी डॉ. एम.के. गर्ग एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. एस.के. पाहुजा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से विस्तृत प्रबन्ध किए गए थे जिनके चलते यह परीक्षा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पूर्णतया शांतिपूर्वक ढंग से संपंन हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए इस प्रकार से व्यवस्था की गई थी ताकि प्रवेशार्थियों एवं उनके अभिभावकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रत्येक सैंटर पर पीने के पानी तथा अभिभावकों के बैठने का भी इंतजाम किया गया था। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय में जगह-जगह लगाए गए नए साइन बोर्डस के कारण प्रवेशार्थियों को सैंटर तक पहुंचने में कोई असुविधा नहीं हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी की गई है और उसके अंगूठे के निशान लिए गए हैं। इनका काउंसलिंग के समय उम्मीदवार के साथ मिलान किया जाएगा।